आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 31.10.2024
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- राष्ट्र आज सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– सरकार देश में 'एक देश, एक चुनाव' और 'एक देश, एक समान नागरिक संहिता' को लागू करने की दिशा में प्रयासरत है।
- प्रकाश पर्व दीपावली आज पूरे देश में पारंपरिक आस्था और उल्लास के साथ मनायी जा रही है। मुख्यमंत्री ने लैंसडाउन में सेना के अधिकारियों और जवानों के साथ दीपावली मनाई।
- प्रदेश में पुलिस आरक्षी के दो हजार पदों के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू, आठ नवंबर से होंगे ऑनलाइन आवेदन।
- प्रदेश सरकार के अधीन सभी विभागों और कार्यालयों की बैठकों तथा आयोजनों के लिए हाउस ऑफ हिमालया के उत्पादों की खरीद की जाएगी।

राष्ट्रीय एकता दिवस

आज राष्ट्रीय एकता दिवस है। स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले तथा देश के पहले उप–प्रधानमंत्री और गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में 31 अक्तूबर को एकता दिवस मनाया जाता है। राष्ट्रीय एकता की प्रतिबद्धता और असाधारण नेतृत्व के लिए विख्यात सरदार पटेल को भारत के लौह पुरूष के रूप में याद किया जाता है। गुजरात के केवडिया में आयोजित मुख्य समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि 'एक देश, एक संविधान' का संकल्प पूरा करने के बाद अब उनकी सरकार देश में 'एक देश, एक चुनाव' और 'एक देश, एक समान नागरिक संहिता' को लागू करने की दिशा में काम कर रही है। इस अवसर पर उन्होंने सरदार पटेल की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और उपस्थित लोगों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई।

राष्ट्रीय एकता दिवस' पर प्रधानमंत्री ने भारत की प्रगति पर जोर देते हुए इसे सशक्त, समावेशी और शक्ति तथा शांति के बीच संतुलित बताया।

प्रधानमरंत्री ने कहा कि इस बार का राष्ट्रीय एकता दिवस के दिन ही दीपावली का पावन पर्व भी है। इस मौके पर श्री मोदी ने देश और दुनिया में रहने वाले सभी भारतीयों और भारत के शुभचिंतकों को दीपावली की शुभकामनाएं दी।

दीपावली

प्रकाश पर्व दीपावली आज पूरे देश में पारंपरिक आस्था और उल्लास के साथ मनायी जा रही है। दीपावली पर प्रदेश के बाजारों में रौनक है। साथ ही दीये–बाती, मोमबत्तियाँ, और लक्ष्मी–गणेश की मूर्तियों से बाजार सजे हुए हैं। कृत्रिम फूल–माला और रंगोली की दुकानों के साथ ही बाजारों में मिठाइयां, आभूषण, कपड़े, सौंदर्य प्रसाधन व सजावट, लक्ष्मी पूजन सहति अन्य सामान की खरीदारी करने वालों की भी भीड उमड़ रही है।

इस बीच, राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, राज्यपाल गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दीपावाली पर लोगों को शुभकामनाएं दी हैं।

## दीपावली मिलन कार्यक्रम

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पौड़ी के लैंसडाउन में सेना के अधिकारियों और जवानों के साथ दीपावली मनाई। इस अवसर पर सेना के जवानों को संबोधित करते हुए श्री धामी ने कहा कि वर्ष 2047 में हमारा देश विकसित भारत बन जाएगा, तब हमारे देश की सेना भी विश्व की नंबर वन सेना होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले के समय में हम बड़ी संख्या में विदेश से हथियार खरीदते थे, लेकिन आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आत्मनिर्भर बन रहा है और आज 200 से भी अधिक सैन्य उपकरण देश में बनकर तैयार हो रहे हैं, जिसका इस्तेमाल भारत की सेना द्वारा किया जाता है। उन्होंने कहा कि सरकार ने उत्तराखण्ड के बलिदानी सैनिकों के परिजनों को मिलने वाली 10 लाख रुपए की धनराशि को बढ़ाकर 50 लाख रुपए करने का प्रावधान किया है।

## वोकल फॉर लोकल

उत्साह और उमंग के पर्व दीपालवी पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने लोगों से वोकल फॉर लोकल के तहत हस्तनिर्मित स्थानीय उत्पाद खरीदने की अपील की। मुख्यमंत्री ने देहरादून में स्थानीय कारीगरों द्वारा तैयार मिट्टी के दीये और मूर्तियां खरीदकर डिजिटल भुगतान किया। उन्होंने कहा कि इससे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहित करने के लिए वोकल फॉर लोकल के संदेश को आत्मसात करने की भी सभी को प्रेरणा मिलेगी। श्री धामी ने कहा कि स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देना विकसित भारत निर्माण का भी एक महत्वपूर्ण पहलू है।

## हाउस ऑफ हिमालयाज

प्रदेश सरकार के अधीन सभी विभागों और कार्यालयों की बैठकों तथा आयोजनों के लिए हाउस ऑफ हिमालया के उत्पादों की खरीद की जाएगी। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने सभी विभागों और कार्यालयाध्यक्षों को पत्र लिखकर विभिन्न विभागीय और कार्यालय बैठकों, कार्यक्रमों, समारोहों और होली, दिवाली जैसे मुख्य त्योहारों के अवसर पर हाउस ऑफ हिमालया के उत्पादों को प्राथमिकता के आधार पर खरीदने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इससे ग्रामीण क्षेत्रों की आर्थिकी को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

## पुलिस भर्ती

प्रदेश में पुलिस आरक्षी के दो हजार पदों के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग– यू.के.एस.एस.एस.सी ने रिक्तियों के लिए कल विज्ञप्ति जारी करी। रिक्त पदों के लिए आठ नवंबर से ऑनलाइन आवेदन आयोग की वेबसाइट www.sssc.uk.gov.in पर शुरू होंगे। इसमें समूह ग के लिए एक हजार छह सौ पद, जिला पुलिस में आरक्षी और चार सौ पद पीएसी/आइआरबी पुरूष के हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 29 नवंबर है। आयोग के सचिव एसएस रावत ने बताया कि इन पदों पर चयन प्रक्रिया दो चरणों में होगी।

## भर्ती

प्रदेश में चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अंतर्गत चिकित्साधिकारियों के बैकलॉग के 276 पदों को शीघ्र भरा जायेगा। विभाग की ओर से इन पदों की भर्ती के लिए राज्य चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड को अधियाचन भेज दिया गया है। ये जानकारी देते हुए स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि राज्य सरकार का उद्देश्य प्रदेश में चिकित्सकों की कमी को दूर कर आम लोगों को स्थानीय स्तर पर बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मुहैया कराना है। इसी उद्देश्य के दृष्टिगत सरकार ने चिकित्सा स्वास्थ्य एवं

परिवार कल्याण विभाग में लम्बे समय से रिक्त पड़े चिकित्सकों के बैकलॉग पदों को शीघ्र भरने निर्णय लिया।

डा. रावत ने बताया कि राज्य सरकार ने राजकीय दून मेडिकल कॉलेज में सात और फैकल्टी की नियुक्ति को मंजूरी दी है। हेमवती नंदन बहुगुणा उत्तराखंड चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय के कुलपति की अध्यक्षता में आयोजित वॉक–इन–इंटरव्यू के माध्यम से इन फैकल्टी का चयन किया गया है।

## भारतीय मानक ब्यूरो

भारतीय मानक ब्यूरो ने उत्पादों की शुद्धता को परखने के लिए बीआईएस मोबाइल केयर ऐप तैयार किया है। इस ऐप के माध्यम से उपभोक्ता घर बैठे असली और नकली उत्पादों की पहचान कर सकते हैं। देहरादून स्थित भारतीय मानक ब्यूरो के निदेशक व प्रमुख सौरभ तिवारी ने ये जानकारी दी। पत्रकारों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मोबाइल ऐप को प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि 600 से अधिक ऐसे उत्पाद हैं, जिनके निर्माण, आयात या विक्रय के लिए बीआईएस मानक चिह्न अनिवार्य किए गए हैं। श्री तिवारी ने कहा कि भारतीय मानक ब्यूरो मानक निर्माण गतिविधियों को मजबूत करने के लिए ठोस कदम उठाने के साथ ही अनुसंधान संस्थानों के साथ मानकों के विकास के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर कर रहा है। भारतीय मानक ब्यूरो की देहरादून शाखा कार्यालय ने राज्य के चार प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों के साथ समझौता किया है, जिसमें भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की, गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान उत्तराखंड और ग्राफिक एरा विश्वविद्यालय शामिल हैं।

## एम्स ऋषिकेश

70 साल से अधिक उम्र के लोगों के लिए 'आयुष्मान भव स्वास्थ्य योजना' को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान–एम्स ऋषिकेश में लागू कर दिया गया है। एम्स अस्पताल में इस योजना का पहला रोगी पंजीकृत किया गया। रोगी का सम्पूर्ण इलाज केन्द्र सरकार की इस योजना के तहत सरकारी दरों पर पूरी तरह निःशुल्क किया जायेगा।

## पेंशन और पेंशनर कल्याण विभाग

पेंशन और पेंशनर कल्याण विभाग ने केन्द्र सरकार के कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए महंगाई भत्ते और राहत की तीन प्रतिशत अतिरिक्त किस्त अधिसूचित कर दी है। यह इस वर्ष पहली जुलाई से प्रभावी मानी जाएगी। केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने तीन प्रतिशत अतिरिक्त किस्त की मंजूरी दी थी। इसके बाद महंगाई भत्ता मूल वेतन या पेंशन के 50 प्रतिशत से बढकर 53 प्रतिशत हो जाएगा।